## सरकार कर रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पहले चरण की तैयारी

# यूपी में 10 कंपनियां करेंगी 1.11 लाख करोड़ का निवेश

**40** लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके

- डेटा सेंटर, रिटेल, ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम चरण की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अब तक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

पहले चरण में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है, उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में करीब 1.11 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार हैं। जीबीसी के प्रथम फेज में प्रदेश में होने जा रहे सबसे बड़े निवेश की बात करें तो यह एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है।

30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

इसके साथ ही 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निर्माणाधीन है।



### जालौन में सौर ऊर्जा पार्क का होगा निर्माण

7500 करोड़ रुपये की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा. लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में भूमि आवंटित की जा चुकी है। 6500 करोड़ की टेस्को लिमिटेड की एक हजार मेगावाट की माताटीला फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना ललितपुर में होने जा रही है। वहीं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में धरातल पर उतरने जा रही है।

### नोएडा में 4300 करोड़ से हाइपर रिटेल मार्ट

प्रयागराज व मीरजापुर में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेट की ओर से 1250 मेगावाट की दो ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना भी धरातल पर उतरने जा रही है। 6 हजार करोड़ की इस परियोजना को योगी सरकार की ओर से सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। वहीं नोएडा में हाईपर रिटेल मार्ट की स्थापना इंका (आईकिया) की ओर 4300 करोड़ से किया जा रहा है। इसका निर्माण भी शुरू हो गया है।